150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

सुजाता चतुर्वेदी, भा.प्र.से.
अध्यक्ष
SUJATA CHATURVEDI, I.A.S.
Chairman

भारत सरकार
कर्मचारी चयन आयोग
Government of India
Staff Selection Commission
ब्लॉक सं 12, केन्द्रीय कार्यालय परिसर,
लोधी रोड़, नई दिल्ली - 110003
Block No. 12, CGO Complex,
Lodhi Road, New Delhi -110003

संदेश

हिंदी दिवस के अवसर पर कर्मचारी चयन आयोग, मुख्यालय एवं इसके क्षेत्रीय/उपक्षेत्रीय कार्यालयों के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

संविधान के निर्माताओं ने 14 सितंबर 1949 को हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। वस्तुत: स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी हिंदी हमारे राष्ट्रीय आंदोलन की भाषा रही है। इसे राजभाषा बनाने में हिंदीतर विद्वानों, मनीषियों और नेताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। देश के सबसे अधिक भू भाग में बोली जाने वाली राजभाषा हिंदी हमारी भावनात्मक एकता की भी प्रतीक है और एक संपर्क भाषा के रूप में यह पूरे देश को एक सूत्र के रूप में पिरोती है।

कर्मचारी चयन आयोग (मुख्यालय) और इसके क्षेत्रीय/उपक्षेत्रीय कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन की एक महत्वपूर्ण भमिका है। विशेष तौर पर इसलिए भी क्योंकि हमारा काम-काज सीधे तौर पर जनता से जुड़ा है और आम जनता को सेवाएं प्रदान करने, उनसे संवाद स्थापित करने तथा उनकी समस्याओं का निवारण करने में राजभाषा हिंदी एक स्वभाविक एवं सहज, सुलभ माध्यम है।

मुझे प्रसन्नता है कि आयोग मुख्यालय में 14 सितंबर से 28 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है और इस दौरान राजभाषा हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। मुझे आशा है कि इस अवधि में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपना समस्त कार्य हिंदी में करेंगे और राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के वर्ष 2020-21 के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने का पूरा प्रयास करेंगे। हिंदी दिवस के अवसर पर मैं आयोग (मुख्यालय) और इसके समस्त क्षेत्रीय/उपक्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से यह भी अपेक्षा करती हूं कि वे हिंदी को व्यवहारोन्मुख बनाएं और सरकारी काम-काज में इसके महत्त्व और उपयोगिता को महसूस करें। मेरा दृढ़ विश्वास है कि आप सब प्रेम,सद्भाव, प्रेरणा और प्रोत्साहन के साथ राजभाषा के प्रयोग को आगे बढ़ाएंगे।

आइए, हिंदी दिवस के शुभावसर पर हम सभी अपना समस्त कार्य हिंदी में करने का संकल्प लें।

नई दिल्ली
14 सितंबर, 2020

(सुजाता चतुर्वेदी)

Tel. (Off) : 011-24361359, 24366057 | (Fax) : 011-24360120